सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-463
28/09/2017

मुख्यमंत्री ने कई पंडालों में माँ दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन किए

पटना, 28 सितम्बर 2017 :— महाष्टमी के मौके पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज रात्रि में कई स्थानों पर माँ दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। सबसे पहले मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नाला रोड स्थित राम कृष्ण मिशन आश्रम पर माता रानी का आशीर्वाद लिया और देशवासियों के साथ ही प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। यहां से सीधे मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बंगाली अखाड़ा स्थित लंगरटोली दुर्गा मंदिर गए जहां उन्होंने देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप के दर्शन किए। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बांस घाट स्थित काली मंदिर जाकर शक्ति की देवी माँ दुर्गा के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री के साथ विधान पार्षद डा0 रणवीर नंदन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पटना के जिलाधिकारी श्री संजय कुमार अग्रवाल एवं पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मनु महाराज मौजूद थे।

******